सूची पत्र का वह कार्ड जिम पर कोई प्रविष्टि पिछले कार्ड पर समाप्त न होने पर जारी की गई हो ।

extension library service — **पुस्तकालय प्रसार सेवा**

पुस्तकालय के नियमित कार्यक्षेत्र के बाहर के व्यक्तियो या सस्थाओ को पुस्तके एव, पुस्तकालय सेवाये प्रदान करना ।

extracted article — **पुन. मुद्रित लेख, लेख की अतिरिक्त प्रति**

किसी पत्र-पत्रिका आदि मे छपे लेख की प्रति जो लेखक के उपयोग के लिए विशेष रूप से अलग छपवाई जाए । इस पर पृष्ठ सख्या उसी अक या खड की होती है जिसमे मूलत छपा होता है ।

F

facet — **मुख**

मूल वर्ग या एक विषय के वियोजक का सामान्य नाम ।

facet analysis — **मुख विश्लेषण**

वर्गीकरण नियमो के अनुसार किसी विषय को यह जानने के लिए विश्लेषण कि उस विषय को विभाजित करने के लिए किन लक्षणो का प्रयोग किया जाए ।

facet device — **मुख्य युक्ति**

मूल मुख मे नए मुख मिलाकर नया वर्ग बनाने की युक्ति ।

faceted classification — **मुखाश्रित वर्गीकरण**

ऐसी वर्गीकरण पद्धति जिसमे विषय का विश्लेषण करके मुखो को प्राप्त किया जा सके ।

लिखे गए विशिष्ट व्यक्तियो अथवा उसके सहकर्मियो के लेख सग्रहीत होते है ।

filiatory arrangement — **सम्बद्ध अनुक्रम**

किसी भी विषय मे सत्वो या छद्म सत्वो की पूर्ण प्रवर्धित व्यवस्था ।

filing code — **फाइल सकेतिका**

नियमावली जिसके द्वारा सूची मे प्रविष्टियो को व्यवस्थित किया जाता हो ।

finite universe — **परिच्छिन्न लोक**

वह ज्ञान लोक जिसमे तत्त्वो की सख्या सीमित हो ।

first indention — **प्रथम हाशियातर, लेखक हाशिया**

वह विन्दु जहा प्रथम खडी रेखा प्रथम पडी रेखा को काटती है और जहा से अग्र अनुच्छेद प्रारभ होता है ।

first name — **प्रथम नाम, व्यक्ति नाम**

वह नाम जो कुल नाम से पहले आता है ।

fixed location — **निरपेक्ष स्थान, स्थिर स्थान**

शेल्फ की व्यवस्था मे पुस्तको का निर्धारित स्थान ।

fixed unit — **नियत एकक**

पुस्तको का ऐसा सग्रह जो किसी एक केंद्रीय एजेन्सी द्वारा

भेजा गया हो और जो जहा भी जाए एक यूनिट ही रहे। उदाहरणार्थ विभागीय या सेमीनार सग्रह।

flexible classification — **नम्य वर्गीकरण, लचीला वर्गीकरण**

वर्गीकरण पद्धति मे क्रम भग किये बिना नये विषयो का सम्यक् समावेश।

flexible notation — **नम्य अकन**

ऐसी अकन पद्धति जो किसी भी वर्गीकरण पद्धति मे क्रमभग किए बिना नए शब्दो का सम्यक् समावेश कर सके।

fore name — **प्रथम नाम**

देखिए 'first name'

format — **पुस्तक का आकार**

पुस्तक के आकार का विवरण।

form classification — **रूप वर्गीकरण, प्रलेख के रूप**

कृतियो, प्रलेख के विधा एव रूप को मुख्य मानते हुए किया गया वर्गीकरण।

form division — **रूप विभाजन**

वर्गीकरण मे प्रलेख के रूप को मुख्य मानते हुए उसका वर्गीकरण।

facsimile — प्रतिकृति, अनुलिपि

किसी पुस्तक गन्थेक्षण के सदर्भ मे सही प्रतिरूप जिसमे मूल पुस्तक का आकार या रग नही होता । ऐसा प्रतिरूप फोटोग्राफी, लिथोग्राफी या ऐसे ही किसी अन्य प्रक्रम से बनाया जाता है । जिल्दसाजी के सदर्भ मे इसका प्रयोग प्रतिकृति जिल्दसाजी भी होता है ।

false drop — उद्वाचन आभास

ऐसा सदर्भ उल्लेख या उद्धरण जिसका सबध अपेक्षित विषय से नही होता ।

false imprint — मिथ्या मुद्राकन

कानूनी कार्यवाही से बचने, चुराई गई सामग्री पर पर्दा डालने या लेखक के नाम को छिपाने के लिए पुस्तक पर लगाया गया प्रकाशन विवरण का नकली ठप्पा ।

false link — आभासी श्रखलाग

वह कडी जो वर्ग सख्या न हो, जो अको का सयोजक न हो और जो वर्गीकरण नियमानुसार बोधगम्य न हो अर्थात् जिसका कोई अर्थ न हो । दूसरे अर्थ मे, जो सयुक्त वर्ग सख्या की अन्तिम कडी हो और शाब्दिक स्तर पर जिसे कोई नाम न दिया जाए ।

fancıful tıtle — निषय अबोधक आख्या

ऐसा आकर्षक शीर्षक जिससे किसी रचना के विषय का अनुमान न होता हो।

favoured country — इष्ट देश

मातृदेश को छोडकर जिस देश की पुस्तकें पुस्तकालय में सबसे अधिक हो।

favoured era — इष्ट युग

पुस्तकालय सग्रह मे या ग्रथ सूची मे जो युग अधिकतम प्रलेखो का वर्गीकरण करने मे सहायक हो।

favoured focus number — इष्ट केन्द्र सख्या

वह सख्या जो इष्ट वर्ग समक का सकेत देती हो या वह वर्ग समक जिसमे पुस्तकालय ने विशेषता प्राप्त की हो या जिस विषय मे सबसे अधिक प्रलेख हो।

favoured language — इष्ट भाषा

पुस्तकालय मे विद्यमान या आने वाली अधिकतम पुस्तको की भाषा।

favoured scrıpt — इष्ट लिपि

पुस्तकालय की इष्ट भाषा की इष्ट लिपि। कभी कभी यह लिपि पुस्तकालय द्वारा चुनी गई कोई अन्य लिपि भी हो सकती है।

festschrift — अभिनन्दन ग्रंथ

ऐसा स्मारक या मानार्थ ग्रथ जिसमे किसी व्यक्ति के सम्मान मे

form entry — रूप प्रविष्टि

सूची मे ऐसी प्रविष्टि जो प्रलेख के विधा एव रूप को आधार मानकर बनायी जाती है। यथा काव्य, नाटक, कोश आदि।

form facet — रूप मुख

पुस्तक समक का वह भाग जो प्रलेख के रूप को दर्शाता हो।

form number — रूप सख्या

ऐसा वर्गांक जो प्रलेख के कायिक रूप का विवरण दे।

free library — नि.शुल्क पुस्तकालय

ऐसा पुस्तकालय जिसमे सदस्यता के लिए कोई शुल्क न देना पडे।

full name — पूरा नाम

वे नाम जिनमे कुल नाम एव व्यक्ति नाम पूर्ण रूप मे दिए गए हो।

fundamental categories — मूलभूत संवर्ग

मूल सवर्ग जैसे पी०एम०ई० एस० टी०।

G

gap device — विवर युक्ति, लुप्ताश युक्ति

ऐसो युक्ति जिसमे दो पक्ति वियोजक भावो को प्रदर्शित करने वाले समंको के बीच खाली स्थान छोडा जाता है ताकि जब-जब नए

glossary

शब्दावली

"पारिभाषिक शब्दो की सूची जिसमे परिभाषाए भी दी गई हो ।

government documents

राजकीय प्रलेख

कोई भी पत्र, पुस्तक आदि जो किसी भी कानूनी रूप से व्यवस्थित की गई सरकार द्वारा मुद्रित किया गया हो ।

group

समूह

किसी भी ज्ञानलोक के सत्व के विभाजन से प्राप्त उपविभाग का समूह ।

group notation

समूहांकन

खड सूचक युक्ति द्वारा जब अनेक वियोजको का प्रतिनिधित्व न किया जा सकता हो तो सवर्ग वियोजको या पक्ति वियोजको के लिए दशमलव दशाक युक्ति के अतर्गत दो या अधिक अशो का प्रयोग किया जाता है ।

guide card

सदर्शक कार्ड, सदर्शक पत्रक

गाइड कार्ड, गाइड पत्रक

ऐसा कार्ड या धातु का पत्रक जिसमे एक किनारा ऊचा उठा हुआ हो और जो सूची के दराज मे लगा दिया गया हो और जो सामग्री की व्यवस्था को सूचित करे ।

H

half title — **सक्षिप्त आख्या**

पुस्तक का शीर्षक जो अलग पृष्ठ पर छाप कर मुखपृष्ठ से पहले लगाया जाता है। इस शीर्षक के साथ लेखक का नाम या प्रकाशन विवरण नही होता।

hanging indention — **प्रत्यनुच्छेद**

सूचीकरण मे ऐसा अनुच्छेद जिसमे प्रथम पक्ति लेखक अनुच्छेद मे प्रारभ हो और उसके बाद की पक्तिया शीर्षक अनुच्छेद से।

heading — **शीर्षक**

सूची मे प्रविष्टि के ऊपर दिए गए शब्द जो पुस्तक की विशेषता जैसे लेखक, विषय विवरण, शृखला शीषक इत्यादि का उल्लेख करे।

heading section — **शीर्षक परिच्छेद, शीर्षक अनुच्छेद**

वर्गीकृत सूची मे अग्र अनुच्छेद प्रविष्टि के अनुरूप वदल जाता है। यथा रगानाथन कृत वर्गीकृत सूची सहिता मे अग्र अनुच्छेद इस प्रकार है।

1 शब्द प्रविष्टि का अग्र अनुच्छेद।

2 पुस्तक के वर्ग समक या सामयिकी के वर्ग समक या वर्गीकृत सूची की मुख्य प्रविष्टि का दूसरा परिच्छेद।

	3 अंतर्निर्देश प्रविष्टि का तीसरा परिच्छेद ।
Hegal classification	हीगल वर्गीकरण वर्गीकरण पद्धति जिसे हीगल ने 1812 मे निर्मित किया ।
historical bibliography	वैश्लेषिक ग्रंथवृत्त ऐसी ग्रंथ सूची जिसमे पुस्तक निर्माण, मुद्रण, जिल्दसाज़ी तथा कागज़ बनाने का इतिहास दिया गया हो ।
holdings	उपलब्धियां (धारित प्रलेख) पुस्तकालय मे उपलब्ध प्रलेख ।
holding section	प्रलेख उपलब्धि कार्ड, उपलब्धि कार्ड प्रविष्टि का वह अनुच्छेद जो ग्रंथ मे उपलब्ध पत्र-पत्रिकादि का विवरण देता है ।
host document	आकर प्रलेख ऐसा बृहत् प्रलेख जो उस प्रलेख की दृष्टि से देखा जाए जो उसका भाग हो ।

I

immediate universe	पूर्वलोक किसी वर्ग या पंक्ति को जब उस वर्ग या पंक्ति के सापेक्ष देखा जाए तो उस क्रम मे उससे ऊपर आने वाला वर्ग ।

imprint — **प्रकाशन विवरण**

मुद्रण की तिथि एव स्थान, मुद्रक और प्रकाशक का नाम इत्यादि जो सामान्यत आख्या पृष्ठ के नीचे दिए गए होते हैं।

inclusive edition — **आसमय संस्करण, अद्यतन ग्रथ सस्करण**

प्रकाशन के समय तक किसी सस्करण के उस लेखक की सभी कृतिया तथा उनके सभी सस्करण।

incunabula — **आदि मुद्रित ग्रथ**

1500 ई० पूर्व के मुद्रित ग्रथ।

index — **अनुक्रमणिका**

वह वर्णानुक्रम सूची जिसमे पुस्तक मे प्रतिपादित विषयों, विविध नामो आदि (यथा, व्यक्तियो के नाम, समष्टि निकायो के नाम, विभिन्न स्थानो के नाम आदि) को पुस्तक के अत मे प्रासगिक पृष्ठ सख्या सहित दिया जाता है।

indexer — **अनुक्रमणिकाकार**

वह व्यक्ति जो अनुक्रमणिका तैयार करता है।

indexing — **अनुक्रमणीकरण**

अनुक्रमणीकरण की कला या तकनीक ।

indexing periodical — **अनुक्रमणीकरण पत्रिका**

ऐसी पत्रिका जिसमे सामयिक पत्रिकाओ मे विशेष विषयो पर छपे लेखो तथा नई प्रकाशित पुस्तको की सूची दी गई हो ।

indexing service — **अनुक्रमणीकरण सेवा**

किसी विशेष माग या शुल्क के बदले मे विशिष्ट विषयो या विशेष प्रकार के प्रकाशनो के लिए दी गई अनुक्रमणीकरण सेवा ।

indicator digit — **सूचक अंक**

वर्गीकरण पद्धति मे विभाजन की विधि मे किसी परिवर्तन को सूचित करने वाला अक ।

individualization — **एकागवर्ग व्यष्टीकरण**

वर्गीकरण प्रक्रिया द्वारा ज्ञान-लोक मे एक सत्व का एक विषयक वर्ग मे पृथक्करण ।

individualized heading — **व्यष्टीकृत शीर्षक**

समष्टि निकाय के नाम मे समानता हो या नाम एक जैसा हो जिससे भ्रम उपस्थित हो सकता है तो उनमे व्यष्टिकरण तत्वो को जोड़ना ।

individualized word group (in a heading)

शीर्षकगत व्यष्टीकृत पद

शीर्षक मे प्रयुक्त एक या अधिक शब्द जिनसे नाम की सरचना होती हो और यदि उन्हे पृथक् नही किया जाता हो तथा उनका व्यवहार एक साथ इसलिए किया जाता हो जिससे नाम अथवा सत्ता बोधगम्य बन सके ।

influencing relation

प्रभावी सबध

वह कला सबध जिसमे कला 2 का प्रभाव कला 1 पर प्रदर्शित किया जाता है अर्थात् कला 1 को प्रभावित समझा जाता है ।

information centre

सूचना केन्द्र

ऐसा केन्द्र जहा से पुस्तकालय और पुस्तकालय प्रलेख एव पुस्तक के विषय मे सूचना प्राप्त की जा सके ।

inner indention

अन्दरूनी हाशिया, दूसरा हाशिया

सूची पत्रक के बाए सिरे से वह फासला, जिससे पूर्वनिर्धारित नियमानुसार एक मानक लाइनदार पत्रक पर दूसरी आडी रेखा से सामान्यत शीर्षक शुरू होता है ।

integer notation

पूर्णांक अकन

वर्गीकरण मे ऐसी पद्धति जिसमें केवल पूर्ण अको का ही प्रयोग होता हो । ऐसी पद्धति मे

नए विपय के समावेश का कोई साधन नही है।

inter library cooperation — अतरा पुस्तकालय सहयोग

एक पुस्तकालय का किसी अन्य पुस्तकालय या पुस्तकालय-समूह से सहयोग। कोई सामान्य योजना जिसमे प्रलेख चयन, अर्जन, सूचीकरण, उपयोग आदि के पक्ष सम्मिलित रहते है।

inter library loan — पुस्तकालय अतरादान, अतरा ग्रंथालयीन आदान

पुस्तकालयो मे ऐसा सहयोगी प्रवध जिसमे एक पुस्तकालय दूसरे पुस्तकालय से प्रलेख उधार ले सके।

internal notation — वर्गांत निरूपक सख्या

ऐसा अकन जो वर्ग मे ही अनेक वार विशेष पुस्तको या अन्य ग्रथ सवधी सामग्री की स्थिति या उनका क्रम वताए।

international copy right — अतर्राष्ट्रीय कापीराइट

वर्ने 1886-1908 के नियमो के अधीन जो लेखक, कलाकार इत्यादि अतर्राष्ट्रीय कापीराइट सघ के सदस्य है उन्हें दिए गए सामान्य कापीराइट विशेषाधिकार।

interpolating digit — अंतर्वेशक अक

देखिए 'emptying substantive digit

intra array phase relation	अंतरा पक्ति कला सबध सम्मिश्र पक्ति वियोजक के पक्ति वियोजको का आपसी संवध ।
intra class phase relation	अंतर-वर्ग कला सबंध सम्मिश्र वर्ग के घटक वर्गो का आपसी सबध ।
intra facet phase relation	अतरामुख कला सबध सम्मिश्र वियोजक के वियोजको का आपसी सबध ।
inverted heading	विपर्यस्त शीर्षक विपय शीर्षक जिसमे शब्दो की सामान्य व्यवस्था को वदल दिया जाए जैसे मनोविज्ञान, प्रयोगात्मक ।
irremovable attachment	अवर्जनीय अनुबंध प्रदत्त नाम के साथ जुडे कुछ शब्द जो सामान्यत नाम होते हैं और अवर्जनीय अनुबध के रूप मे सदा प्रदत्त नाम के साथ लिए जाते हैं ।
isolate	वियोजक, व्यावर्तक वियोजक भाव या वियोजक शब्द वताने के लिए सामान्य शब्द ।
issue record	(पुस्तक) निर्गम अभिलेख पुस्तकालय का वह अभिलेख, जिससे यह ज्ञात हो कि किस प्रलेख या पुस्तक को किस सदस्य

ने लिया है और वह किस तिथि तक देय है ।

J

Joint author — सहलेखक, सहग्रंथकार, सयुक्त लेखक

एक लेखक जो किसी एक या अनेक दूसरे लेखको की सहायता से लिखता है । प्रत्येक द्वारा लिखित भागो का निर्देश सदा दिया नही जाता ।

K

kernal title — बीज आख्या

पूर्ण शीर्षक से व्युत्पादित वह सार शीर्षक जिसमे उपयुक्त सार-शब्द ही रखे जाते हैं ।

L

lamination — स्तरीकरण

एक या अधिक अनुकूल वियोजक जोड कर विषय की गहराई या विस्तरण को कम करते हुए प्रकर्ष को वढाने की क्रिया ।

language facet — भाषा मुख

पुस्तक समक मे भाषा वताने वाला मुख ।

Language number — भाषा सख्या

किसी प्रलेख के पुस्तक अक मे भाषा वताने वाली सख्या ।

last link	अंत्य शृंखलांग, अंतिम शृंखलांग शृंखला मे वर्ष मसक से उपलब्ध अंतिम शृंखलांग ।
law of impartiality	निष्पक्षता विधि, निष्पक्षता सूत्र किसी प्रविष्टि के लिए शीर्ष के चयन करने मे सुदृढ आधार पर अधिमानता देने का नियम ।
law of parsimony	कल्पना लाघव सूत्र, लाघव सूत्र ऐसा नियम जो किसी विषय के लिए एक या अधिक वैकल्पिक नियमो का पालन करे । उस स्थिति मे ऐसे नियम को अधि-मानता देनी चाहिए जिसमे जन-शक्ति, सामग्री, पैसा तथा समय कम लगता हो ।
law of symmetry	सममिति सूत्र उन दो सत्ताओ या परि-स्थितियो को जिनको सममित प्रतिरूप की मान्यता दी गई हो; यदि उनमे से एक सत्ता या परि-स्थिति को किसी विशेष प्रसग मे अधिक महत्व दिया जाता है तो दूसरी सत्ता या परिस्थिति को भी उतना ही महत्व दिया जाना चाहिए ।
leading section	अग्र परिच्छेद वह अग्र परिच्छेद, जो अग्र पंक्ति से शुरु हो, तथा उसकी अन्य निरंतर पंक्तिया प्रथम खडी पंक्ति से शुरू हो ।

librarian	**पुस्तकालयाध्यक्ष पुस्तकाध्यक्ष** वह व्यक्ति जो पुस्तकालय के प्रशासन के लिए जिम्मेदार हो।
librarianship	**पुस्तकाध्यक्षता** पुस्तको एव कुछ नियमो का ज्ञान, पुस्तकालय मे प्राप्त सामग्री के सस्थापन, परिरक्षण, व्यवस्थापन एव प्रयोग तथा पुस्तकालय सेवा, ज्ञान प्रसारण एव सदर्भ सेवा के विस्तार मे सिद्धातो तथा तकनीको के प्रयोग।
library	**पुस्तकालय, ग्रंथालय** पुस्तको तथा प्रलेखो आदि का चयन तथा उसके प्रशासन एव अध्ययन की व्यवस्था जिस स्थान पर की जाए।
library association	**पुस्तकालय सघ** पुस्तकालय का सगठन जिसमे व्यक्तियो का एक सघ मे सगठन करना होता है और जिसके सदस्य एक सामान्य लक्ष्य के लिए कार्य करते है।
library catalogue	**पुस्तकालय सूची** पुस्तकालय मे उपलब्ध प्रलेखो का सूची सग्रह।
library committee	**पुस्तकालय समिति** वह ममिति जो पुस्तकालय की व्यवस्था के सवध मे परामर्श देती हो।

library corner — गोल कोण

देखिए 'dutch corner'

library finance — पुस्तकालय वित्त

library hand — पुस्तकालय सुलेख

सीधा साफ मानक सुलेख ।

library hour — पुस्तकालय (का) घटा

एक नियत घटा जिसे विद्यार्थी या पूरी कक्षा पुस्तकालय मे व्यतीत करे अथवा पुस्तकालयाध्यक्ष स्वय कक्षा मे जाकर विद्यार्थियो को पुस्तकालय सेवा दे । इस प्रकार की व्यवस्था विद्यालय ग्रथालय मे होती है ।

library of congress card — काग्रेस पुस्तकालय कार्ड, लाइब्रेरी आफ कांग्रेस कार्ड ।

1 काग्रेस लाइब्रेरी द्वारा मुद्रित सूची कार्ड ।

2 काग्रेस लाइब्रेरी द्वारा बनाई गई वह वर्गीकरण पद्धति जिसमे वर्णो एव अको का प्रयोग होता है ।

library organisation — पुस्तकालय संगठन

पुस्तकालय सगठन का स्थान पुस्तकालय प्रशासन के पूर्व है । इसके अतर्गत निर्णय की वह प्रक्रिया आती है जिसमे ग्रथालय को सुचारु रूप से चलाने की विधियो की रूप-रेखा दी जाती है और उन विधियो को कार्य-रूप

मे किस प्रकार परिणत किया जाए यह आधार बताया जाता है। इसके अतर्गत पुस्तकालय योजनाए, ग्रथालय भवन, कार्यकारी निर्णय तथा कर्मचारियो का चयन एव नियुक्ति, किसी विशेष कार्य-प्रणाली का निर्माण आदि शामिल है। सगठन की प्रक्रिया या कार्य ही ग्रंथालय सगठन है।

library period — पुस्तकालय (का) घंटा

देखिए 'library hour'

library personnel — पुस्तकालय कर्मचारी वर्ग

पुस्तकालय मे कार्य करने वाले व्यक्तियो का समूह।

library planning — पुस्तकालय आयोजन

पुस्तकालय या पुस्तकालय प्रणाली की योजनाओ को विकसित करना।

library school — पुस्तकालय विद्यालय

ऐसा विभाग/सस्था जो निश्चित अवधि मे पुस्तकालय विज्ञान की शिक्षा देता हो।

library staff — पुस्तकालय कर्मचारी वर्ग

देखिए 'library personnel'

linguistic bibliography — एक भाषा प्रकाशित ग्रथ संदर्भ सूची

किसी भाषा मे प्रकाशित ग्रथो की सदर्भ सूची।

literary warrant — ग्रंथ राशि प्रमाण

किसी विषय पर मुद्रित प्रलेखो की सख्या या उस विषय पर मुद्रित प्रलेखो की पूर्वानुमानित सख्या ।

literature search — साहित्य अन्वेषण

सदर्भ सेवा तथा अनुसधान कार्य के बीच की अवस्था जिसमे किसी विशेष समस्या या विषय से सबधित सब सामग्री एकत्रित करने की क्रिया आती है ।

lithography — शिला मुद्रण, लियोग्राफी

एक ऐसी प्रक्रिया जिसमे एक विशेष प्रकार के छेदो वाले पत्थर या किसी अन्य द्रव्य पर चिकने चाक या स्याही से बनी चित्रकला से मुद्रण किया जाता है ।

litho-photography — लियोफोटोग्राफी, शिला फोटोग्राफी

एक अश्म मुद्रणीय प्रक्रम जिसमे मूल सामग्री को अश्म मुद्रणीय पत्थर या अन्य द्रव्य जैसे धातु प्लेट से पुन मुद्रित किया जाता है ।

loan record — आदान-प्रदान रिकार्ड, निर्गम-रिकार्ड

पुस्तकालय से निर्गमित पुस्तको का रिकार्ड ।

loose chain — अबद्ध शृंखला

ऐसी शृखला जिसमे एक विषयक वर्ग उसकी अतिम कडी हो ।

lower link — अवर शृंखलांग

शृंखला प्रक्रिया मे आने वाले शृंखलागो मे एक के नीचे आने वाला शृंखलाग ।

M

machine search — यान्त्रिक अन्वेषण

सूची मे वाछित प्रलेखो की प्रविष्टिया ढूढने के लिए यान्त्रिक सहायता ।

machine word — यान्त्रिक शब्द

कम्प्यूटर द्वारा प्रत्येक सक्रिया मे प्रयुक्त अलग-अलग या प्राथमिक कूट अको की मानक सख्या वाली सूचना की इकाई ।

macro bibliography — वृहद् प्रलेख संदर्भ सूची

ऐसी सदर्भ सूची जिसमे केवल वृहद् प्रलेखो का विवरण हो ।

macro document — वृहद् प्रलेख, विस्तृत प्रलेख

ऐसा प्रलेख जिसमे वृहद् विषय दिया गया हो ।

macro thought — विस्तृत विषय

विस्तार योग्य विषय जो पुस्तक रूप मे दिया गया हो ।

main card — मुख्य कार्ड, मुख्य पत्रक

ऐसा काड जिस पर किसी पुस्तक का पूर्ण विवरण हो ।

main class	मुख्य वर्ग वर्गीकरण पद्धति मे वह विषय जो ज्ञान लोक मे प्रथम क्रम मे हो ।
main entry	मुख्य सलेख, मुख्य प्रविष्टि सूचीकरण मे एक पूर्ण प्रविष्टि जिसमे पुस्तक का पूर्ण विवरण दिया गया हो । इस प्रविष्टि मे सूची की अन्य प्रविष्टियो का निर्देश भी दिया गया होता है ।
mechanical charging	मशीनी निर्गम, यान्त्रिक निर्गम पुस्तको के निर्गम का रिकार्ड रखने के लिए यान्त्रिक युक्ति ।
merger book	सयोजित पुस्तक ऐसी पुस्तक जो दो या अधिक पुस्तको के सयोजन से बनी हो ।
Merill book number	मरिल पुस्तक सख्या मैरिल, डब्ल्यू० एस० द्वारा निर्धारित वर्गीकरण पद्धति से प्राप्त पुस्तक सख्या जिससे सख्याओ एव तिथि अको की सहायता से सामग्री को वर्णानुक्रम मे व्यवस्थित किया जाता है ।
meta language	वर्णक भाषा, निरूपक भाषा, बोधन भाषा प्रस्तुत भाषा के विस्तार मे प्रयुक्त विवरण भाषा ।

microbibliography	**माइक्रो ग्रंथ संदर्भ सूची, सूक्ष्म प्रलेख सदर्भ सूची, माइक्रो बिब्लियोग्राफी**
	विषय सदर्भ सूचियो या अनुक्रमणिकाओ का ऐसा सकलन जिसमे परिशिष्ट मे दिए गए पूर्ण विषय का सूक्ष्म मुद्रण दिया गया हो ।
micro card	**माइक्रो कार्ड, सूक्ष्म कार्ड**
	ऐसा कार्ड जिस पर अनेक पृष्ठो का फोटोचित्र अकित हो ।
micro copy	**सूक्ष्म प्रति, सूक्ष्म प्रतिलिपिकरण**
	किसी पुस्तक या मुद्रित सामग्री की अत्यधिक छोटी फोटो-प्रति जो यत्रो की महायता के विना न पढी जा सके ।
micro document	**सूक्ष्म प्रलेख**
	ऐसा प्रलेख जिसमे सूक्ष्म विषय दिया गया हो ।
micro film	**माइक्रो फिल्म, माइक्रोचित्र**
	सैलुलोस फिल्म पर दिया गया चित्र जो नैगेटिव या पॉजिटिव हो सकता है । उसकी चौडाई 16 मि० मी०, 35 मि० मी० अथवा 70 मि० मी० हो सकती है ।
micro film projector	**माइक्रो फिल्म प्रक्षेपक, सूक्ष्म चित्र प्रक्षप**
	माईक्रोफिल्म दिखाने वाला यत्र ।
micro film reader	**माइक्रो फिल्म रीडर**
	माइक्रोफिल्म पढने वाली मशीन,।

micro-opaque card	**माइक्रो–ओपेक कार्ड**
	किसी पुस्तक या अन्य सामग्री की सूक्ष्म फोटो प्रति जो कागज़ या कार्ड पर तैयार की गई हो ।
micro-thought	**सूक्ष्म विषय**
	कम विस्तार वाले विषय जैसे पत्रिका मे लेख, पुस्तक मे अनुच्छेद इत्यादि ।
missing isolate	**विलुप्त वियोजक**
	किसी शृ खला मे जब एक वियोजक विलुप्त हो, जैसे–हिन्दू धर्म । धर्म–धार्मिक पुस्तकें–रामायण । हिन्दू धर्म विलुप्त वियोजक हुआ ।
mixed notation	**मिश्राकन**
	ऐसी अकन पद्धति जिसका आधार मिश्रित हो अर्थात् वर्गीकरण पद्धति मे विभिन्न अनुभागो को व्यक्त करने के लिए वर्णों और अको या अन्य प्रतीको का मिला-जुला प्रयोग ।
mnemonics	**स्मरण जनक, स्मृति-सकेत**
	ऐसे स्मृति सकेत जिनका किसी वर्गीकरण प्रणाली मे एक ही अर्थ मे उपयोग किया जाता है ।
mobile library	**चल ग्रंथालय, चल पुस्तकालय**
	ऐसी पुस्तकालय सेवा जिसमे पुस्तके शेल्फयुक्त मोटर गाडी मे रखकर उन स्थानो पर जहा कोई पुस्तकालय नही होता, सदस्यो की सुविधा व उपयोग

national central library — राष्ट्रीय केन्द्रीय पुस्तकालय

ऐसा केन्द्रीय पुस्तकालय जहा से दूसरे सभी प्रकार के पुस्तकालयो को पुस्तकें एव अन्य सामग्री उधार दी जाती है।

natural characteristics — नियत लक्षण, स्वाभाविक लक्षण

वर्गीकृत वस्तुओ के ऐसे लक्षण जो वस्तु से अलग नही किए जा सकते हैं और जिनके बिना वस्तु वह नही रह जाती।

natural material — सहज द्रव्य, प्राकृतिक द्रव्य

मूर्त द्रव्य जो प्रकृति से लिए जाते हैं और प्रकृति मे उसी रूप मे पाये जाते हैं।

near natural material — ईषद् ससाधित द्रव्य

ऐसे प्राकृतिक द्रव्य जो थोडी मात्रा मे बिना मशीन या तकनीक के ससाधित किए जाते हैं ताकि उन्हें इस्तेमाल के योग्य बनाया जा सके।

newark charging system — न्यूआर्क आदान-प्रदान पद्धति

एक अमरीकी पद्धति जिसमे पुस्तको का रिकार्ड रखने के लिए पुस्तक पत्रक पर पुस्तक लेने वाले का नबर एव तिथि लिखी होती है। प्रत्येक सदस्य के पास एक सदस्यता पत्रक होता है जिससे वह नियमानुसार पुस्तकालय से पुस्तकें ले सकता है।

noise — उद्वाचित दोष, अनभिप्रेत सकेत

एक ऐसा उदवाचित सकेत जो सचार पद्धति मे वाछित सकेत मे विघ्न डालता है।

noise factor — उद्वाचित दोष गुणक

सपूर्ण चयन किये गए ग्रथो मे चुने गए ग्रथो के अनुपात मे असगत पुस्तको की सख्या ।

notation — अकन

किसी वर्गीकरण पद्धति मे वर्गों को चित्रित करने वाले वर्गांक ।

notational plane — अकन स्तर, अकन तल

सख्याओ का स्तर जो सकल्पना को चित्रित करे ।

notational system — अकन पद्धति

अको को प्रत्युक्त करने वाली पद्धति ।

note section — टिप्पणी परिच्छेद

पुस्तक या प्रलेखो के सदर्भ मे मुख्य प्रविष्टि का वह परिच्छेद जिसमे माला का नाम या सबधित पत्रिकाओ के या पुस्तको के नाम तथा अन्य प्रकार की सूचना का विवरण दिया जाए ।

number entry — अक प्रविष्टि

वह प्रविष्टि जो वर्ग समक से शुरु हो ।

O

object language — विषयपरक भाषा

पुस्तकालय विज्ञान मे प्रयुक्त होने वाली तकनीकी भाषा ।

octave device — अष्टक विधि, अष्टक युक्ति

वर्गीकरण पद्धति मे डा० रगनाथन द्वारा दी गई युक्ति जिसके अनुसार वर्गीकरण मे आधार का विस्तार करने के लिए दशमलव पद्धति मे प्रयुक्त सख्याओ के हर आठवें अक के वाद नौ को छोड दिया जाता है और 91, 92, 98 का प्रयोग कर उसे आठवें अक मे वर्णित विषय या वियोजक का सवर्ग वना लिया जाता है।

octavo — अष्टाशक, अठपेजी

पूरे आकार के कागज पर छपा पुस्तक का वह भाग जिसमे तह करने पर आठ पृष्ठ या 16 पृष्ठ वनते हैं।

octodecimo — अठारह पेजी

पुस्तक का वह नाप जिसमे प्रत्येक पन्ना पूरे ताव का अठारहवा भाग हो।

omission factor — लोप गुणक

प्रासगिक प्रलेखो की कुल सख्या से उन प्रासगिक प्रलेखो का अनुपात जिनका चयन नही किया गया हो।

open access — निर्वाध प्रवेश

ऐसी व्यवस्था जिसमे पाठक स्वय पुस्तक सग्रह तक जाकर अपनी रुचि की पुस्तक देख अथवा ले सके।

open air reading-room — अनावृत्त वाचनालय, अनावृत्त अध्ययन कक्ष

पाठको के प्रयोग के लिए पुस्तकालय का खुला अध्ययन स्थल।

open array	**सावकाश पंक्ति** वर्गीकरण मे ऐसी पक्ति जिसमे वहिर्वेशन की क्षमता हो ।
open entry	**अपूरित प्रविष्टि, पूरणीय सलेख** सूची की ऐसी प्रविष्टि जिसमे अधिक सूचना के सभरण की व्यवस्था हो ।
order department	**संप्राप्ति विभाग** पुस्तकालय मे ऐसा प्रशासनिक विभाग जो प्रलेखो के प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी हो और जहाँ इससे सबधित सब रिकार्ड रखे जाते हो ।
order of array	**पक्ति क्रम** वर्गीकरण मे उत्तरोत्तर लक्षणो की वह सख्या जिसके आधार पर ज्ञान लोक से वर्गों की उत्पत्ति होती है ।
order of chain	**शृखला क्रम** वर्गीकरण मे शृखला की प्रथम कडी का क्रम ।
order of class	**वर्ग क्रम** वर्गीकरण मे उत्तरोत्तर लक्षणो के आधार पर ज्ञान लोक से वर्गो की उत्पत्ति ।
order of complex class	**समिश्र वर्ग क्रम** वर्गीकरण मे मूल या मिश्रित वर्गों की सख्या जिसके मिश्रण मे एक समिश्र वर्ग की व्युत्पत्ति हो ।

order of complex array isolate	**समिश्र पक्ति वियोजक क्रम**
	पक्ति वियोजको की सख्या जिनके मिश्रण से समिश्र पक्ति की व्युत्पत्ति हो ।
order of complex isolate	**समिश्र वियोजक क्रम**
	वर्गीकरण मे वियोजको की सख्या जिनके मिश्रण से समिश्र वियोजक की व्युत्पत्ति हो ।
order of link	**शृंखलांग क्रम**
	वर्गीकरण मे शृखला का वह क्रम जो उस वर्ग के क्रम को बताए ।
order slip	**क्रयादेश पर्ची, आर्डर स्लिप**
	पुस्तकालय मे पुस्तक प्राप्त करने तथा पाठको के उपयोग के लिए प्रस्तुत करने की सपूर्ण कार्य प्रणाली के रिकार्ड की पर्ची ।
ordinal	**वर्गांक**
	वर्गीकरण पद्धति मे किसी वर्ग की वर्ग सख्या ।
organ of a corporate body	**समष्टि निकाय अग**
	समष्टि निकाय का अस्वाधीन अग जो वैधानिक, कार्यकारी एव प्रशासनिक रूप मे किसी एक विशेष कार्य के लिए, एक विशेष समय तक उत्तरदायी हो। उसे यह कार्य मूल निकाय के प्रक्रम के अनुसार ही करना होता है ।

orientation division — अभिविन्यास प्रभाग

पृथ्वी के धरातल अथवा भौगोलिक क्षेत्र का अनुस्थापित लक्षणो के आधार पर विभाजन ।

output — बहिर्गत

मानव मन के अनुरूप कम्प्यूटर की आतरिक स्मरण शक्ति का अतरण ।

overdue notice — स्मरणपत्र, कालातिक्रमण सूचना

पुस्तक की वापसी की तारीख बीत जाने पर पुस्तक लौटाने की सूचना ।

overflow of the title page — मुख पृष्ठ व्याप्ति

यह आख्या पृष्ठ के पूर्व या बाद मे दिया रहता है जिसमे प्राय आख्या पृष्ठ मे दी गई सूचनाओ के कुछ अश शामिल होते हैं अथवा सस्करण, लेखक, सहकारक, ग्रथमाला आदि से सम्बन्धित कुछ विवरण दिए रहते हैं ।

P

packet device — कोष्ठक युक्ति

वर्गीकरण मे ऐसी अकन क्रिया-विधि जो कि विषय युक्ति मे प्रयुक्त होती है ताकि विषय अक केवल एक ही अक प्रतीत हो ।

parallel edition

समातर सस्करण, समकक्ष सस्करण

ऐसा प्रकाशन जिसमे एक ही कृति या रचना के विभिन्न पाठ एक ही जिल्द मे साथ-साथ दिए गए हो ।

parchment

चर्म पत्र, पार्चमेंट

फिटकरी आदि से परिशोधित और पालिश की गई भेड या बकरी आदि की खाल जो स्थाई महत्व के प्रलेख लिखने या मजबूत जिल्द बाधने के काम आती है ।

partial binding

आशिक जिल्द

ऐसी जिल्द जिनमे पीठ कपडे की और बाकी जिल्द कागज से बनाई गई हो या पीठ और बाकी जिल्द अलग बाधी गई हो ।

partial title

आंशिक आख्या

ऐसा शीर्षक जिसमे मुख्य शीर्षक का कुछ गौण भाग ही दिया गया हो ।

part of a fused alphabetical link

वर्णक्रम शृंखलाग भाग

वर्णक्रम द्वारा प्राप्त शृखला की अन्तिम कडी ।

part of a fused chronological link

एकीकृत कालक्रमिक शृखलांग भाग

एकीकृत शृखला की अन्तिम कडी जो कालक्रमिक युक्ति द्वारा प्राप्त की गई हो ।

part of a fused geographical link — एकीकृत भौगोलिक शृंखलांग भाग

एकीकृत शृखला की अन्तिम कडी जो भौगोलिक युक्ति द्वारा प्राप्त की गई हो ।

part of a fused phase link — एकीकृत शृंखलाग भाग

एकीकृत शृखला की अतिम कडी।

part of a packed link — कोष्ठवद्ध शृखलाग भाग

कोष्ठवद्ध शृखला की अतिम कड़ी।

penumbral region — उपछाया क्षेत्र

पाठको की रुचि के ह्रासमान क्रम के अनुकूल विषयो का व्यवस्थापन।

period bibliography — कालिक ग्रथ सूची

ऐसी ग्रथ सूची जो किसी निश्चित काल से मम्वन्धित हो ।

periodical bibliography — आवधिक ग्रंथ सूची

ऐसी सूची जो खडश. प्रकाशित की जाए तथा सचयी विधि द्वारा जिसका सशोधन व परिवर्धन किया जाए ।

periodical index — 1. पत्रिका अनुक्रमणिका
2. आवधिक अनुक्रमणिका

किसी पत्रिका के एक या अधिक खडो की अनुक्रमणी ।

कई पत्रिकाओ की समय-समय पर या निश्चित अवधि के बाद प्रकाशित की जाने वाली अनुक्रमणिका।

personal name entry — **व्यक्ति नाम प्रविष्टि**

सूचीपत्र मे किसी प्रलेख का ऐसा विवरण या अभिलेख जो व्यक्ति विशेष के नाम के अन्तर्गत हो।

pertinence factor — **प्रासंगिकता गुणक**

प्रलेखो की छटाई के परिणाम-स्वरूप अस्वीकृत प्रलेखो का पूर्ण प्रलेखो की सख्या से अनुपात।

pertinency — **प्रासंगिकता**

किसी विषय से सम्बन्धित होने का गुण।

phase device — **कला युक्ति**

वर्गीकरण मे ऐसी रचना जिसमे मूल केन्द्र को सुस्पष्ट करने के लिए उसी वर्ग का एक और फोकस जोडा जाए।

phase relation — **कला सबध**

वर्गीकरण मे सम्मिश्र वर्ग की कलाओ या सम्मिश्र वियोजको की कलाओ या सम्मिश्र पक्ति वियोजको का आपसी सम्बन्ध।

photolithography — **फोटोलिथोग्राफी**

देखिए 'litho-photography'

posteriorising common isolate idea — **पश्च स्थापक सामान्य वियोजक**

सामान्य वियोजक जिसके मुख्य वर्ग के साथ जोडे जाने से प्राप्त वर्ग उनके पश्चात् आए।

posthumous work — **मरणोत्तर कृति, मरणोत्तर प्रकाशन**

ऐसी रचना या कृति जो लेखक की मृत्यु के पश्चात् पहली बार छपी हो।

postulates for fundamental categories

मूल संवर्ग का अभ्युपगम

व्यक्तित्व, द्रव्य, ऊर्जा, स्थान और समय नाम की मूलभूत कोटिया जो केवल पाच ही है।

postulates of a basic facet

मूलमुख का अभ्युपगम

प्रत्येक विपय मे एक मूल मुख होता है।

postulates of a sequence within a round

आवर्त्त में अनुक्रम का अभ्युपगम

वर्गीकरण मे किसी आवर्त्त मे वियोजक मुखो का क्रम जो अभ्युपगम अनुक्रम के अनुसार हो।

postulate of concreteness

मूर्तता अभ्युपगम

पाच मूल सवर्ग का क्रम ह्रासमान मूर्तता के अनुसार पी० एम० ई० एस० टी० ही होना चाहिए।

postulate of connecting digit

संयोजक अंक का अभ्युपगम

वियोजक से पहले सयोजक अको का प्रयोग इस प्रकार होना चाहिए —

व्यक्तित्व ?
पदार्थ ;
ऊर्जा या क्रिया
क्रिया
स्थान .
समय

postulate of isolate facet

वियोजक मुख का अभ्युपगम

प्रत्येक विषय मे एक या अधिक वियोजक मुख हो सकते है और वे सब केवल एक ही मूल सवर्ग को अभिव्यक्त करते है।

postulate of level	**स्तर समूह अभ्युपगम** एक ही मूल सवर्ग के एक ही आवर्त्त के विभिन्न स्तरो के मुखो को एक साथ रखना चाहिए ।
postulate of rounds for personality and matter	**व्यक्तित्व द्रव्य का पुनः पुनः आवर्त्त** एक ही आवर्त मे व्यक्तित्व और द्रव्य क्रिया के वाद वार-बार व्यक्त किए जा सकते है ।
preliminaries	**पूर्वांग, पूर्वांग सामग्री, प्रारम्भिक सामग्री, प्रारम्भिक तैयारी** किसी पुस्तक के मल पाठ से पहले का अश जिसमे मुखपृष्ठ, समर्पण, भूमिका, विषय-सूची आदि शामिल होते है ।
preliminary edition	**अग्रिम संस्करण, आरम्भिक संस्करण** किसी रचना या पुस्तक का ऐसा अस्थाई सस्करण जो स्थाई सस्करण से पहले समीक्षा आदि के लिए जारी किया जाता है।
preliminary leaf	**प्रारंभिक पृष्ठ** पुस्तक के प्रारभ मे लगे ऐसे पन्ने जिन पर पृष्ठ सख्या अकित नही होती और जो एक या दोनो ओर छपे होते है। ऐसे पन्ने सामान्यत पृष्ठ सख्या-युक्त पृष्ठो से पहले लगाए जाते है ।

preliminary matter	पूर्वांग पुस्तक के मूल पाठ से पहले का अंश जिसमे मुखपृष्ठ, समर्पण, भूमिका, विषय सूची आदि शामिल होते हैं।
primary bibliography	आधार भूत ग्रथ सूची पुस्तको की मौलिक, विस्तृत या सामान्य ग्रथ सूची, जो विषय-वस्तु की दृष्टि मे सम्बन्धित न हो।
principle of alphabetical sequence	वर्णानुक्रम नियम प्रलेख, पुस्तकादि के स्थल विषयो मे वर्गीकरण के पश्चात् विभाजित विषयो को वर्णक्रम मे रखते हुए पुन विषयानुसार उनका वर्गीकरण।
principle of away from position	स्थानापसरण नियम वर्गीकरण मे यदि किसी पंक्ति मे वियोजक किसी विन्दु विशेष से प्रारभ होकर अलग हटें तो उन्हें इस प्रकार व्यवस्थित करना कि उस विन्दु मे आरभ होकर वे अपनी पंक्ति पर स्थित रहें।
principle of bottom upwards	मूलोर्ध्वता नियम वर्गीकरण मे यदि किसी पंक्ति के वियोजक उर्ध्वता मे हो तो उन्हे उसी क्रम मे व्यवस्थित करने का नियम।

principle of canonical sequence	**परपरित अनुक्रमण नियम** यदि उल्लिखित सिद्धातो मे से कोई भी सिद्धात उपयुक्त न हो और पक्ति मे वियोजको का वर्णन परम्परित अनुक्रम मे हो तो वही अनुक्रम अपनाना चाहिए ।
principle of clockwise direction	**प्रदक्षिण नियम** यदि वर्गीकरण मे वियोजको का प्रयोग चक्र रूप मे होता हो तो उनकी व्यवस्था दक्षिणावर्त्त दिशा मे करनी चाहिए ।
principle of increasing complexity	**वर्धमान सम्मिश्रता नियम** वर्गीकरण मे यदि एक पक्ति के वियोजक विभिन्न अशो की सम्मिश्रता प्रदर्शित करे तो उन्हे वर्धमान सम्मिश्रता के क्रम मे व्यवस्थित करना सहायक होगा ।
principle of increasing concreteness	**वर्धमान मूर्तता नियम** यदि दो वर्गों मे एक वर्ग दूसरे वर्ग से अधिक अमूर्त और कम मूर्त हो तो पहले वर्ग को दूसरे वर्ग से पहले आना चाहिए ।
principle of increasing quantity	**वर्धमान मात्रा नियम** यदि वर्गीकरण मे प्रयुक्त लक्षण राशि का मान दे तो वियोजको का क्रम आरोही होना चाहिए ।
principle of inversion	**प्रतीपन-नियम** मूल वर्ग के मुख सूत्र के मुखो का क्रम प्रत्येक आवर्त्त मे मूर्तता के ह्रासमान क्रम मे होना चाहिए ।

principle of later in evolution — **विकास अवरता नियम**

यदि वर्गीकरण मे वियोजक विकास की विभिन्न अवस्था मे है तो वियोजको का क्रम उनके विकास-क्रमानुसार होना चाहिए ।

principle of later in time — **काल-अवरता नियम**

वर्गीकरण मे यदि वियोजको की उत्पत्ति विभिन्न समयो पर हुई हो तो उनकी व्यवस्था उनके उत्पत्ति काल के अनुनार होनी चाहिए ।

principle of spatial contiguity — **दैशिक सामीप्य नियम**

यदि वर्गीकरण मे, पक्ति मे वियोजक स्थान के विचार से समीपस्थ हो तो उनकी व्यवस्था स्थान सामीप्य-क्रम मे होनी चाहिए ।

principles of classification — **वर्गीकरण के सिद्धात**

वर्गकारो एव तार्किको द्वारा वर्गीकरण के लिए सूत्रवद्ध किए गए नियम ।

printer's mark — **मुद्रक चिह्न**

पुस्तक मे अपने चिह्न के रूप मे अकित मुद्रक या प्रकाशक का प्रतीक या गुम्फाक्षर ।

private era — **गुह्य युग**

किसी विपय, व्यक्ति या सस्था की उत्पत्ति की काल गणना करने का समय ।

private time	काल, गुह्य काल, निजी काल ऐसा समय जिसकी गणना किसी विषय की उत्पत्ति से की जाए।
private unit of time	गुह्य कालमात्रक किसी विषय के अनुरूप समय मात्रक ।
processing department	प्रक्रमण विभाग, तकनीकी प्रक्रिया विभाग पुस्तकालय का वह विभाग जिस पर पुस्तकों के वर्गीकरण, सूचीकरण इत्यादि का उत्तरदायित्व हो : इसी विभाग मे पुस्तकें शेल्फ तक पहुचाने के लिए तैयार की जाती हैं।
prohibited book	निषिद्ध पुस्तक, प्रतिबंधित पुस्तक ऐसा प्रकाशन जो सरकार, सस्था या धार्मिक सगठन द्वारा उसके विषय या लेखक की गतिविधियों के कारण निषिद्ध कर दिया गया हो ।
pseudonym	छद्म नाम लेखक द्वारा अपना परिचय गोपनीय रखने के लिए प्रयुक्त किया गया कल्पित नाम ।
publication date	प्रकाशन तारीख, प्रकाशन दिनांक देखिए 'date of publication'
public catalogue	सार्वजनिक सूची ऐसी पुस्तक सूची जो सीमित अधिकारिक उपयोग के लिए न होकर सर्वसाधारण के उपयोग के लिए हो ।
public document	सरकारी प्रलेख ऐसे सरकारी प्रलेख जिनमे रिपोर्ट और आंकडे आदि दिए गए हों ।

ग्रंथ का ऐसा सकलन हो जो साधारणतया पाठको को निर्गत नही किया जाता।

reinforced binding — पक्की जिल्दसाजी

मजबूत जिल्द-बंदी के लिए प्रयुक्त शब्द।

relative index — सापेक्षिक अनुक्रमणिका

वर्गीकरण पद्धति की ऐसी अनुक्रमणिका जो प्रत्येक विषय के आपसी संबंध तथा सब कलाओ को दर्शाता हो।

renewal — नवीकरण, नवीयन

तारीख की समाप्ति पर उसी पाठक को पुन पुस्तक देना।

renewal slip — नवीकरण पर्ची

ऐसी पर्ची जिस पर पुस्तक के नवीकरण के लिए आवश्यक विवरण लिखा गया हो।

repository collection — देखिए 'depository collection' निपेक्ष संग्रह

repository library — निपेक्ष पुस्तकालय, निपेक्ष ग्रंथालय

reprint — पुनर्मुद्रण देखिए 'depository library

पुस्तको का मुद्रण जिसमे मूल विचारांश इत्यादि मे कोई अन्तर न हो।

research library — अनुसधान पुस्तकालय

ऐसा पुस्तकालय जिसमे विशिष्ट विषयो पर अनुसधान के लिए प्रलेख प्राप्त हो सके।

reservation slip	**आरक्षण पर्ची** पुस्तकालय से निर्गत पुस्तक के लौटने पर या शेल्फ पर उपलब्ध होने पर उसे किसी विशेष सदस्य के लिए उपलब्ध किए जाने के निमित्त दिया जाने वाला आवेदन-पत्र ।
reserved collection	**आरक्षित संग्रह** ऐसा आरक्षित सग्रह जहा से सामान्य पाठको को पुस्तके निर्गत न की जाती हो ।
resource sharing	**ससाधन सहभागिता** पुस्तकालय सहयोग की अवधारणा का मुख्य उद्देश्य ग्रथालयो के उपलब्ध ससाधनो का परस्पर ऐसा उपयोग करना है जिससे कम लागत पर उन्हें अधिक तथा समान सेवा प्राप्त हो सके । ससाधन सहभागिता ग्रथालय मे सहयोग की भावनाओ, उनकी तकनीकी क्षमताओ तथा कार्य प्रणाली की रूप रेखाओ पर आधारित है ।
resume	**सारवृत्त** किसी कृति के मुख्य लक्षणो का साराश ।
revised edition	**परिशोधित सस्करण** देखिए 'enlarged edition'
routing	**परिसचरण** पाठको को उनकी रुचि या आवश्यकतानुमार पाठ्य सामग्री का नियमित रूप से दिया जाना ।

pure notation — शुद्धांकन

ऐसी संकेत पद्धति जिसमे वर्गीकरण पद्धति के प्रभागो को प्रकट करने के लिए केवल एक ही प्रकार के संकेत चिन्हो का प्रयोग किया जाता है।

Q

quasi-class — वर्ग तुल्यांक

कोई भी कृत्ति–धर्मग्रथ, प्राचीन ग्रथ, साहित्यिक कृत्ति, पत्रिका या ग्रथ संदर्भ सूची जो ज्ञानलोक की वर्गीकरण व्यवस्था मे एक वर्ग की तरह जानी जाए।

quasi-digit — एकांक तुल्य

समान अंको का एकक।

R

reader's advisory service — अध्येता सलाहकार सेवा

ऐसी पुस्तकालय सेवा जो, संदर्भ विभाग द्वारा पाठको को अपनी समस्याएं सुलझाने के लिए दी जाती है। पुस्तकालयाध्यक्ष उस कार्य पूर्ति के लिए चुने प्रलेखो की सूची बनाता है तथा पाठको को पुस्तकालय एवं उसमे उपलब्ध सामग्री के बारे मे जानकारी देता है।

recall — मंगाना, प्रत्याह्वाहन

किसी अन्य पाठक द्वारा माग करने पर ग्रहीता को पुस्तक वापस करने के लिए प्रार्थना करना ।

reduction ratio — लघुकरण अनुपात, तनूकरण अनुपात

मूल सामग्री के आकार से फोटोग्राफिक प्रतिलिपि का अनुपात ।

reference book — सदर्भ पुस्तक

ऐसा ग्रथ जिसकी अतर्वस्तु सूचनात्मक हो, आद्योपान्त अध्ययनात्मक नही । साधारणतया इसे पुस्तकालय मे उपयोग के लिए रखा जाता है ।

reference collection — सदर्भ प्रलेख सग्रह

पुस्तकालय मे प्राप्त प्रलेख, पुस्तकादि जो केवल सदर्भ के लिए हो और पाठको की सुविधा के लिए एक स्थान पर एकत्रित रखी गई हो ।

reference department — सदर्भ विभाग

पुस्तकालय का वह विभाग जिसमे उपलब्ध पुस्तको का प्रयोग वहा ही किया जाता हो तथा उन पुस्तको को उस विभाग से वाहर ले जाने की अनुमति न हो

reference librarian — सदर्भ पुस्तकाध्यक्ष

पुस्तकालय सदर्भ–विभाग व प्रभारी अध्यक्ष ।

reference librar — सदर्भ पुस्तकालय

ऐसा ग्रयालय जहा प्राथमिक रूप से सामान्य या विशिष्ट या सदर्भ

running title — सतत आख्या

किसी पुस्तक का ऐसा शीर्षक जो उसके पृष्ठो के ऊपरी या निचले भाग पर दोहराया जाए ।

S

scroll — 1. कुडलित लेख

2. खर्रा, सूची

पुराने समय की ऐसी पुस्तक जो पेषाइरस या किसी अन्य पदार्थ की पट्टी पर लिखी गई हो तथा डंडे या रॉड पर लपेटी गई हो ।

secondary source — गौण स्रोतग्रथ

पुस्तकें या दूसरी अमुद्रित ऐसे प्रलेख, पुस्तकादि जिनके सकलन मे मुख्य या आधार स्रोत ग्रथो का प्रयोग किया गया हो ।

second indention — दूसरा हाशिया

देखिए 'inner indention'

secret literature — गूढ साहित्य, गोपनीय साहित्य

देखिए 'underground literature'

select bibliography — विशिष्ट ग्रथ सूची

किसी विशिष्ट दृष्टिकोण से किया गया किसी विषय के साहित्य का चयन ।

self bibliography — स्वलोभिलेखी निर्गम पद्धति

ऐसी निर्गम पद्धति जिसमे ग्रहीता स्वय ही पुस्तको के निर्गम का पूरा रिकार्ड रखे ।

self cover	तदावरण ऐसी पुस्तिका जिसमे जिल्द और विषय-वस्तु के लिए, एक प्रकार का ही कागज़ प्रयोग मे लाया गया हो ।
sequence	अनुक्रम , आनुपूर्व्य देखिए 'filiatory arrangement'
serial	क्रमिक ऐसा प्रकाशन जो नियमित अंतराल से क्रमश प्रकाशित किया जाए, जैसे वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिकी आदि अथवा किसी सभा सम्मेलन का कार्यवृत्त आदि ।
serial catalogue	क्रमिक प्रकाशन सूची पुस्तकालय मे क्रमिक प्रलेखो की सूची ।
series	माला, श्रेणी विषय-वस्तु की दृष्टि से साधारणतया एक दूसरे से संबद्ध किसी ग्रंथ की जिल्दें जो एक दूसरे के बाद प्रकाशित की जाती हैं जब कि इनका प्रकाशन और मुद्रण शैली वही रहती है । समूची माला का संक्षिप्त शीर्षक भी मुखपृष्ठ पर दिया होता है । कई लेखको द्वारा किसी विशिष्ट विषय पर या एक ही लेखक द्वारा लिखे गए कई निबंधो का क्रमागत प्रकाशन ।

series entry

माला प्रविष्टि

सूचीकरण या ग्रथसूची मे ऐसी प्रविष्टि जिस पर पुस्तकालय मे उपलब्ध माला प्रकाशनो का विवरण दिया गया हो।

series note

माला टिप्पणी

सूचीकरण या ग्रथ सूची मे ग्रंथेक्षण के बाद दिया गया ऐसा नोट जहा लघुकोष्ठक मे माला का नाम दिया गया हो।

service point

वितरण केन्द्र

ऐसे केन्द्र जैसे शाखा पुस्तकालय, स्कूल पुस्तकालय, चल पुस्तकालय आदि जिनमे पुस्तको का वितरण किया जाता हो।

shelf

निधानी शैल्फ

दीवार या दो खडे फट्टो पर लगा लकडी या किसी अन्य वस्तु का लम्बा, समतल, क्षैतिज टुकडा जो पुस्तके या अन्य सामग्री रखने के काम आता है।

shelf dummy

(क्रम में) रिक्ति सूचक

शेल्फ पर रखा हुआ लकडी या गत्ते का टुकडा जो गलत क्रम मे रखी पुस्तक के बारे मे सूचना दें।

shelf list	निधानी सूची शेल्फ पर जिस क्रम मे पुस्तके लगी रहती हैं, उसी क्रम मे यह सूची रहती है । प्रत्येक पुस्तक के लिए एक कार्ड होता है जिसमे लेखक, आख्या, खड की सख्या, वोध सख्या आदि के सबध मे सूचनाए या आवश्यक जानकारी दी जाती है । पुस्तक की प्रत्येक प्रति की जानकारी के लिए यह एक महत्वपूर्ण अभिलेख है ।
shelving	ग्रथ-विन्यसन पुस्तकालय की शेल्फो पर पुस्तकों की ठीक क्रम मे रखने की क्रिया ।
short title	सक्षिप्त आख्या सूचीकरण मे पुस्तक की पहचान के लिए दिया गया सक्षिप्त शीर्षक ।
signature	प्रभाग, प्रभागांक कोई पहचान चिह्न, अक्षर या सख्या या इनका समिश्रण जो किसी पुस्तक के प्रत्येक दस्ते के (कागज या पुस्तक) पहले पृष्ठ पर लगाया जाता हो ।
signature and catchword line	प्रभागाक-सूचक रेखा किसी प्राचीन मुद्रित पुस्तक मे जुजवदी के अभिप्राय से साधारणतया पृष्ठ की अतिम पक्ति के नीचे अकित जुज चिह्न और सूचक शब्द । यदि जुज चिह्न और सूचक शब्द अलग-अलग पक्तियो मे हो तो इसे निदेशक रेखा भी कहते हैं ।

simplified cataloguing — सरलीकृत सूचीकरण

सूचीकरण मे लागत तथा कार्य कम करने की दृष्टि से प्रविष्टि मे न्यूनतम सूचना उस सीमा तक प्रदान करना जिससे प्रलेख की पहचान हो सके ।

size — आकार

पुस्तक का आकार सेंटी मीटरो, इचो या अक्षरो के आकार से बताना ।

source material — स्रोत सामग्री

किसी विषय के सम्बन्ध मे उसकी जानकारी के लिए मूलभूत तथा प्रामाणिक सामग्री ।

special classification — विशेष वर्गीकरण

ज्ञान के किसी शाखा वर्गीकरण के लिए कोई विशिष्ट वर्गीकरण पद्धति ।

special collection — विशिष्ट सग्रह

पुस्तकालय मे सग्रहीत किसी विशेष प्रकार का संकलन जो किसी विषय, समय या विशेष प्रयोजन से संकलित किया गया हो ।

special library — विशिष्ट पुस्तकालय

एक विशेष प्रकार का पुस्तकालय जो विशेष विषय, विशिष्ट सेवा और विशिष्ट पाठक गण के लिए सहायक हो ।

special library edition — विशिष्ट पुस्तकालय सस्करण

पुस्तकालयो के प्रयोग के लिए ऐसा सस्करण जिसकी जिल्द मजबूत बनाई गई हो ।

special number

विशेषाक

किसी पत्र पत्रिका का ऐसा अक जिसकी सामग्री किसी विशिष्ट विषय से सबधित हो। जैसे किसी सम्मेलन के कार्यवृत्त का अक या किसी पत्र-पत्रिका का वार्षिक अक। इसे विशेष सस्करण भी कहते हैं।

special title page

विशेष आख्या पृष्ठ

ऐसा आख्या पृष्ठ जो साधारणतया किसी बडी पुस्तक या माला प्रकाशन के एक भाग के लिए दिया गया हो।

specific entry

विशिष्ट प्रविष्टि

1 किसी पुस्तक की ऐसी प्रविष्टि जो उसके विशिष्ट विषय को ध्यान मे रखकर बनाई गई हो, न कि किसी ऐसे वर्ग के अतर्गत जिसमे उस विशिष्ट विषय को शामिल किया गया हो।

2 रगानाथान कृत क्लासिफाइड कोड के अनुसार विशिष्ट प्रविष्टि साधारणतया प्रथम अनुच्छेद के धारक के नाम पर होती है, जिसे अग्र अनुच्छेद भी कहते है।

spine

पीठ,पुट्ठा

पुस्तक की जिल्द का वह भाग जो जिल्द की सिलाई को छिपाता हो और जिस पर पुस्तक का शीर्षक और कभी-कभी लेखक का नाम भी अकित किया गया हो।

standard title — मानक शीर्षक

विभिन्न शीर्षको वाली कृतिया जिसका किसी समावेशी शीर्षक के अंतर्गत सूचीकरण किया गया हो । इसे पारम्परिक या एकरूप शीर्षक भी कहते हैं ।

standard work — मानक ग्रथ

ऐसी पुस्तक जिसे स्थाई मूल्य के रूप मे मान्यता प्राप्त हो ।

stock testing — सग्रह निरीक्षण

पुस्तकालय मे पुस्तको की परिग्रहण पजी या शेल्फ लिस्ट से मिलान ताकि खोई हुई पुस्तको के विषय मे पता चल जाए ।

sub-heading — उपशीर्षक

ऐसा गौण शीर्षक जो किसी विषय के विभाजन मे प्रयुक्त हो ।

मूल शीर्षक के बाद प्रयुक्त होने वाले वे शब्द-समूह जो मूल शीर्षक को स्पष्ट करते हैं और बहुधा विराम चिह्न के पश्चात् दिए जाते हैं ।

subject — विषय

किसी पुस्तक का मुख्य या आधार विषय ।

subject bibliography — विषयपरक ग्रंथसूची

ऐसी ग्रथसूची जिसमे एक व्यक्ति या विषय से सम्बन्धित लेखन सूची रहती है ।

subject cross reference	**विषय अतर्निर्देश** एक विषय शीर्षक से दूसरे विषय शीर्षक का दिया गया निर्देश।
subject heading	**विषय-शीर्षक** ऐसा शब्द या शब्द समूह जिससे एक विषय के अतर्गत आई सारी सामग्री को प्रविष्ट किया जा सके।
subject reference	**विषय-निर्देश** देखिए 'subject cross reference'
sub title	**उपाख्या** पुस्तक की आख्या का व्याख्यात्मक अश।
syndetic catalogue	**सयोगी सूची, अंतर्निर्देश सहित सूची** ऐसी शब्दकोशीय सूची जिसमे प्रविष्टियो को अतर्निर्देशो द्वारा जोडा गया हो। निर्देश विस्तृत विषय से कम विस्तृत विषय तक दिये जाते हैं।
synopsis	**साराश, संक्षेप, विषय सक्षेप, सार** किसी ग्रथ की मुख्य बातो का सार; जिसे शीघ्र विचारार्थ व्यवस्थित किया गया हो।
systematic bibliography	**व्यवस्थित ग्रथ-सूची** सदर्भ एव अध्ययन के उद्देश्य से पुस्तको की जाच और उनसे प्राप्त प्रविष्टियो का एकत्रीकरण इस प्रकार करना कि उनका व्यवस्थापन लाभदायक और तर्कसगत बन जाए। आवश्यकतानुसार यह व्यवस्थापन साधारण भी हो सकता है या विस्तारपूर्ण भी।

T

tele-reference — **दूर संदर्भ सेवा**

किसी अप्रत्यक्ष स्थान से सूची के विषय मे परामर्श प्राप्त करने की विधि।

telescoped array — **अंतर्विद्ध पंक्ति**

वर्गीकरण तालिका मे विचार स्तर के दृष्टिकोण से पंक्ति मे वे वियोजक जो समकक्ष वर्ग एव आश्रित वर्गों से बने हो किन्तु अकन स्तर पर वे समकक्ष वर्ग के हो।

term — **पद**

प्राकृतिक भाषा या किसी विशिष्ट भाषा मे वर्गीकरण पद्धति मे किसी वर्ग को प्रदर्शित करने वाला शब्द या शब्द समूह।

terminology — **पदावली, शब्दावली**

